तापमान

अधिकतम 18.2 डिग्री

न्यूनतम 6.2 डिग्री

# हरिभूमि जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 10 जनवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4 राज्य दिव्यांगजन विकास निगम के अध्यक्ष व डायरेक्टर ने ज्ञानोदय मूकबधिर विद्यालय का किया अवलोकन




# भतीजी ने रची साजिश, साथियों समेत की सोने व नकद की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस ने लाखों की चोरी का खुलासा किया है। आईफोन खरीदने की चाह में भतीजी ने अपने प्रेमी और साथियों के साथ मिलकर बड़े पापा के घर से नकदी, जेवर और सोने के बिस्किट चोरी की। चोरी की रकम से लग्जरी कार खरीदी और पार्टियां की गईं। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 51.82 लाख का माल बरामद किया है।

■ अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार

पुलिस के अनुसार, 6 दिसंबर 2025 को सुषमा निकुंज ने थाना नारायणपुर में चोरी का केस दर्ज कराई। अपनी रिपोर्ट उन्होंने बताया कि उनके पुराने मकान केराडीह-रैनीडांड में रखे दीवान के अंदर अटैची से लगभग 15 लाख रुपये नकद, सोने की बिस्किट और अन्य जेवरात चोरी हो गए। इतनी बड़ी चोरी की बात सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस ने थाना नारायणपुर में आरोपी भतीजी मिनल निकुंज, अनिल प्रधान व उनके 6 अन्य साथियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 331 (4), 305 (A) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया था। सभी आरोपी घटना दिनांक से ही फरार थे, पुलिस के द्वारा लगातार उनकी पातासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मिनल निकुंज व उसका बॉयफ्रेंड आरोपी अनिल प्रधान रांची झारखंड के एक हॉटल में रुके हुए हैं, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन ⏭ शेष पेज 4 पर





गिरफ्तार आरोपीः-1. मिनल निकुंज, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम केराडीह रैनीडांड, थाना नारायणपुर, जिला जशपुर (छ. ग)।2. अनिल प्रधान , उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम बासनताला, थाना नारायणपुर, जिला जशपुर (छ. ग)3.अभिषेक इंद्रवार उम्र 28 वर्ष, निवासी गोरिया टोली, चौकी मनोरा4. लंकेश्वर बड़ाईक, उम्र 35 वर्ष, निवासी कोंडरा, थाना सुरसांग, जिला गुमला (झारखंड)5. अलीशा भगत उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम बाधर कोना

### सूटकेस उठाकर शुरू की लग्जरी लाइफ

मई 2025 में आरोपियों ने पूरे सूटकेस को ही घर से गायब कर दिया। उसमें लाखों की नकदी और भारी मात्रा में सोना था। इसके बाद रायपुर में विला बुक कर जन्मदिन और पार्टियां, महंगे मोबाइल फोन, और चोरी की रकम से लग्जरी हरियर कार की खरीद हुई। कुछ ही दिनों में लाखों रुपए खर्च कर दिए गए, जबकि सोने का बड़ा हिस्सा अलग-अलग जगहों पर बेचा गया एवं बचे सोने को जो लगभग 3.5 किलो के आसपास था, जशपुर के किराए के घर में छिपा दिया गया।

### बाकी आरोपी भी जल्द गिरफ्त में

एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि चोरी के इस बड़े मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पांच आरोपियों को जेल भेजा है। अन्य फरार आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया गया है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### जब्त सामान

पुलिस के द्वारा अब तक आरोपियों के कब्जे से, एक हरियर कार, 1 सोने का कड़ा, 100 ग्राम, 50 ग्राम व 20 ग्राम के सोने के तीन बिस्किट, 1 मंगलसूत्र, 86,300 रुपए नकद व 1 आई फोन, 4 एंड्रॉयड फोन सहित 5 मोबाइल फोन को जप्त किया गया है। जप्त माल की वर्तमान कीमत लगभग 51 लाख 82 हजार 300 रु है।

### दो दिनों में 5 लाख खर्च

21 मई 25 को आरोपी मिनल निकुंज का जन्म दिन था। उसका जन्म दिन मनाने सभी आरोपी रुपए लेकर, रायपुर चले गए, फिर वहां के एक विला को बुक कराकर, दो दिनों तक मौज मस्ती किए, दो दिनों में ही उनके द्वारा 5 लाख रुपए से अधिक राशि को खर्च कर दिया गया था। उसके बाद सभी आरोपी सोने की बिस्किट को बेचने के लिए, राउरकेला ओडिशा चले गए, वहां कुछ सोने की बिस्किट को बेचे, जहां उन्हें 8 लाख रु मिले. उससे मिली रकम को आपस में बंटवारा कर लिया। शेष सोने की बिस्किट को सूटकेस में रखकर, रानी बगीचा जशपुर स्थित अपने किराए के घर में छुपाकर रख दिया गया था। इसी दौरान फिर मिनल निकुंज, अनिल प्रधान व उसके साथियों ने देश देखा जशपुर में पार्टी मनाई । पुलिस की पूछताछ पर आरोपी अनील प्रधान व आरोपिया मिनल निकुंज के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। चूंकि पुलिस के द्वारा चोरी में शामिल सभी अन्य आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया था, जो कि फरार थे, जिनकी पता साजी जारी थी, इसी दौरान पुलिस की टेक्निकल टीम व मुखबिर की सूचना पर मामले से जुड़े अन्य आरोपी विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।

## खबर संक्षेप

### मॉनिटरिंग सेल तथा अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक

**जशपुरनगर।** माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर की अध्यक्षता में जिला न्यायालय जशपुर के सभाकक्ष में मॉनिटरिंग सेल तथा अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के बैठक का आज आयोजन किया गया। बैठक में 14 मार्च को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत एवं जेल में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों के संबंध में यथासंभव जमानत पर छोड़े जाने के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम में राकेश बिहारी घोरे, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्वेता बघेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, क्रांति कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, शशि मोहन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रदीप कुमार साहू अपर कलेक्टर जशपुर, गजेन्द्र कुमार निषाद, जेल प्रहरी, जिला जेल जशपुर एवं बीमा चौहान, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम जशपुर उपस्थित रहे।

### सड़क डामरीकरण के लिए ढाई करोड़ की मंजूरी



**जशपुरनगर।** जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत बेलडीपा–रेगरमुंडा मार्ग के डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 56 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। यह सड़क ग्रामीणों की कई दशकों से लंबित बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरी हुई है।मंजूरी की खबर मिलते ही क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य दुलारी सिंह एवं भाजपा नेता कपिलेश्वर सिंह गांव पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। यह महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क न केवल तहसील मुख्यालय से सीधा संपर्क स्थापित करती है, बल्कि पड़ोसी राज्य ओडिशा को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग भी है। सड़क के डामरीकरण से आवागमन सुगम होगा, कृषि उत्पादों के परिवहन में सुविधा मिलेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य व व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक तस्वीर बदलने वाली साबित होगी और इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार प्रकट किया।

### संदीप बने सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष

**कोतबा।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने अपने संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। समाज के प्रति निष्ठा और निरंतर सक्रियता को देखते हुए रोकबहार (पत्थलगांव) निवासी संदीप कुजूर को कार्यकारी जिलाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर नवनियुक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष संदीप कुजूर ने प्रदेश संगठन और वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश सचिव विनोद कुमार नागवंशी द्वारा जारी और जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह सिदार व महासचिव विभूति भगत की अनुशंसा पर जारी इस सूची में अन्य महत्वपूर्ण पद भी भरे गए हैं। जिसमें जीवन तिर्की को विधिक सलाहकार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, हेमंत पैंकरा को कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष और श्रीमती नीलिमा कुंवर को कर्मचारी महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



### ग्रामीण की जमीन पर कब्जा घर में घुसकर मारपीट

**राजपुर।** स्वयं के स्वामित्व की भूमि को जबरन कब्जा करने तथा आवेदक को जातिगत गाली गलौज, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के को लेकर ग्रामीण ने थाने में शिकायत की है। ग्राम कर्रा का निवासी 60 वर्षीय जोखन आ. बैजनाथ ने बताया कि उसके स्वयं के स्वामित्व की भूमि ग्राम कर्रा में स्थित है। उक्त भूमि को पप्पू सिंह द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीण का आरोप है कि विरोध करने पर 7 जनवरी को घर में घुसकर पप्पू सिंह ने जोखन के साथ गाली गलौज और मारपीट की। इस घटना में बुजुर्ग को गंभीर चोट आई है। ग्रामीण का कहना है कि उक्त जमीन पर पप्पू सिंह जबरन कब्जा कर रहा है जबकि न्यायालय तहसीलदार राजपुर से पप्पू सिंह यादव को बेजा कब्जा हटाने हेतु नोटिस भी जारी किया गया है। ग्रामीण ने इस मामले में जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

# सादगी, संवेदनशीलता और समर्पण का प्रतीक था अटलजी का जीवनः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव




नगर के अग्रसेन भवन में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य अटलजी के राष्ट्रवादी विचारों, सुशासन की अवधारणा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनसेवा की भावना को जन-जन तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे जिन्होंने विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों में मर्यादा स्थापित की। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन सादगी, संवेदनशीलता और समर्पण का प्रतीक था। श्रीमती साय ने कहा कि आदिवासी, ग्रामीण और वंचित समाज के उत्थान के लिए अटलजी की सोच दूरदर्शी थी। उन्होंने ग्राम सड़क योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े निर्णयों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज भी देश उन्हीं नीतियों के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने अपने अत्यंत भावपूर्ण एवं रणादायक उद्बोधन में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जशपुर प्रवास को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी का जशपुर आना केवल एक राजनीतिक दौरा नहीं था, बल्कि वह आदिवासी अंचल के प्रति उनके गहरे आत्मीय लगाव का प्रतीक था। श्री राय ने कहा कि जशपुर प्रवास के दौरान अटल जी ने जिस सरलता से आम जनता से संवाद किया, वह आज भी लोगों के हृदय में अंकित है। उन्होंने बताया कि अटल जी आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और संघर्ष को गहराई से समझते थे और हमेशा मुख्यधारा से जोड़ने की बात करते थे।उन्होंने आगे कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से अटल जी ने देश को सामरिक आत्मनिर्भरता दी, वहीं स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से देश के सुदूर अंचलों को विकास की धारा से जोड़ा।श्री राय ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अटल जी के राष्ट्र प्रथम के विचार को जीवन में उतारें और संगठनात्मक मजबूती के साथ समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं। केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की आर्थिक दृष्टि में सहकारिता और आत्मनिर्भरता का विशेष स्थान था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए अटल जी ने सहकारी संस्थाओं को मजबूती दी।उन्होंने कहा कि आज आत्मनिर्भर भारत की जो संकल्पना साकार हो रही है, उसकी वैचारिक नींव अटल जी के कार्यकाल में ही रख दी गई थी। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी संगठन के प्रति अत्यंत संवेदनशील नेता थे। उन्होंने ⏭ शेष पेज 4 पर

## एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में मारा छापा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुरनगर यहां के जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में आज दोपहर बाद, एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए कार्यालय के सहायक ग्रेड - 02 के पद पर पदस्थ गिरीश कुमार वारे को 40 हजार रुपए नगद की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस समय जशपुर जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा भी कार्यालय में मौजूद थे। इस संबंध में विभिन्न सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए लिपिक ने विभाग में पदस्थ एक भृत्य के कथित ट्रांसफर के एवज में रिश्वत की मांग की थी। ठीक भृत्य से 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते समय एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी लिपिक इससे पहले भी ट्रांसफर के नाम पर 30 हजार रुपए ले चुका था। आरोप है कि जब भृत्य ने बाकी पैसे देने में असमर्थता जताई तो आरोपी ने उसकी पल्सर बाइक जबरन अपने पास रख ली थी। मामले की शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने पूरी योजना बनाकर जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

■ 40 हजार रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार

## बाइक में लगे कानफोड़ू साइलेंसर पर कार्रवाई

**पत्थलगांव।** बाइक में कानफोड़ू साइलेंसर लगाकर शहर के लोगों का जीना मुश्किल कर चुके बाइकर्स पर पुलिस ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पत्थलगांव अनुविभागीय अधिकारी ध्रुवेस जायसवाल ने बताया कि लगातार मोटरसाइकिल में मोडिफाई कर कानफोड़ू साइलेंसर लगाकर स्थानीय लोगो को बाईकर्स के द्वारा परेशान किया जा रहा था जिसपर काफी बाईक को पकड़ा जिसमे से दो बाइक से कानफोड़ू साइलेंसर को थाने में ही निकलवाया गया एवं चालान की कार्रवाई की गई। आगे आने वाले दिनों में मोडिफाई साइलेंसर पर बड़ी और कड़ाई पूर्वक कार्रवाई की जाती रहेगी। आम नागरिकों से भी अपील है कि वे भी मोडिफाई कर साइलेंसर लगाने वाले गाड़ियों का पता बताने या उनके बाइक का नम्बर पुलिस को बताएं, ताकि उन पर कार्रवाई हो सके।



## गांव के लोगों को अब मिल सकेगा ज्यादा दिन का काम

**पत्थलगांव।** अग्रसेन भवन में विकसित भारत जी रामजी पर भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी रामकिशुन सिंह ने केंद्र सरकार के द्वारा ग्रामीण विकास के मुख्य योजना जिसका नाम जी रामजी किया है। जो बड़ी सोच है। जिसे विपक्षी पार्टी के नेता अनर्गल बयान बाजी कर रहे है।

■ विकसित भारत जी रामजी पर भारतीय जनता पार्टी की प्रेस वार्ता

जबकि हमारी सरकार ने किसी ब्यक्ति के नाम पर विभाग का नाम न रखकर जी रामजी किया है। आपको बता दें कि पहले 100 दिन का काम मजदूरों को दिया जाता था जिसे अब बढाकर 125 दिन कर दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में गांव गांव में सड़कों का जाल बिछाया जा सकेगा ज्यादा काम ज्यादा विकास के साथ हम अब आगे बढ़ सकेंगे ज्यादा गांव तक जाकर गरीबो के उत्थान के लिए काम करना किसानों की खेती की सुरक्षा कैसे हो सभी के हित सुनिश्चित करना मुख्य बात है।

सरगुजा प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव की विधायक श्रीमति गोमती साय ने कहा कि हमारी पार्टी सबका साथ सबका विकास को प्राथमिकता देती है। अब गांव के लोगो को ज्यादा काम मिल सकेगा तेजी से काम होगा जिससे ग्रामीणों के साथ गाँव का विकास आगे बढ़ेगा अगर जी रामजी नाम बदलने को लेकर विपक्ष के द्वारा की जा रही टिप्पणी के कोई मायने नही है। हम ग्रामीणों के साथ है उनके भले के लिए हम काम कर रहे है। जिससे किसानों को ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। विकसित भारत जी रामजी कार्यक्रम पर पूर्व खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष कृष्णाराय, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील गुप्ता, पत्थलगांव जनपद अध्यक्ष श्रीमती धनियारो बाई परहा, सहित भाजपा के अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### 46 धान खरीदी केंद्रों में कांग्रेस का जिला-व्यापी आंदोलन

# सरकार को किसानों की उपज का दाना-दाना खरीदना होगाः मिंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

धान खरीदी में अव्यवस्था, नमी कटौती, अवैध वसूली और किसानों से दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने शुक्रवार को जिले के सभी 46 धान खरीदी केंद्रों में एक साथ आंदोलन किया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष यूडी मिंज ने कहा कि सरकार को किसानों की उपज का दाना-दाना खरीदना होगा। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष कई किसान धान बेचने से वंचित रह गए हैं और टोकन व संशोधन के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि आंदोलन से किसानों में उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और सेवा दल सहित सभी संगठनों की संयुक्त भागीदारी के रही। पूर्व विधायक विनय भगत ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों को परेशान करने का काम कर रही है, जो सर्वथा अनुचित है। जो कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।



### सरकार की नीतियां किसान विरोधी

प्रदेश महामंत्री श्रीमती आरती सिंह ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार किसान विरोधी नीतियाँ लागू कर रही है और अपने वादों से पीछे हट रही है, जबकि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सागर ने कहा कि मुख्यमंत्री के जिले में ही किसानों से नमी के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है, 40.680 किलोग्राम मानक तौल की अनदेखी हो रही है तथा बिचौलियों के माध्यम से खरीदी होने से किसानों को सीधा नुकसान हो रहा है। विरोध करने पर किसानों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें आती हैं, लेकिन प्रशासन मौन है।

### धान खरीदी में किसानों को हो रही समस्या को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**जशपुरनगर।** जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार फरसाबहार ब्लाक के तपकरा, समडमा, कोनपारा, गजियाडिह, भगोरा फरसाबहार सभी धान खरिदी केन्द्र मे कांग्रेस ने धरणा देकर विरोध प्रदर्शन किया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन ताम्रकार ने कहा कि धान खरिदी केन्द्वार किसानो के रकबा के अनुरूप धान खरिदी की लिमिट बढाई जाये नमी के बहाने कीसानो को परेशान करना बंद करे धान तौल बारदाना सहीत 40.680 तौल सुनिश्चित हो धान खरिदी केन्द्र पर किसानो से अवैध वसूली, बिचौलियों से धान खरिदी बंद हो, किसानो के साथ हो रहा दूर्व्यवहार बंद हो, धान खरीदी केन्द्र तथा राइस मिलो मे कैमरा लगाया जाय कांग्रेस नेता अमर कुमार सोनी ने कहा की धान खरिदी केन्दो मे लगातार अनियमितता बर्ती जा रही है जिससे किसान परेशान है किसानो से अवैध वसूली कि जा रही है तौल के नाम पर भी तय मानको से ज्यादा धान लिया जा रहा जो तत्काल बंद हो इस कार्यक्रम मे ब्लाक के समस्त विर्ठजनो के साथ किसान सम्मलित हुए।

### नशीले इंजेक्शन के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**अम्बिकापुर।** तकिया फिल्टर प्लांट के समीप नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे दो युवकों को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने युवकों के पास से 63 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया है। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को बुधवार की शाम मुखबिर से सूचना मिला कि तकिया फिल्टर प्लांट के समीप दो युवक नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंची तो दो संदिग्ध लड़कों को हड़बड़ाते देख रोक कर पूछताछ की। एक ने अपना नाम संतोष यादव निवासी तकिया तथा दूसरे ने अपना नाम ब्रजेश बरवा निवासी सन्ना बताया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने युवकों के पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग से कुल 63 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त कर युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आज दोनों युवकों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने किया को पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण

**बिश्रामपुर।** छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने,झिझक दूर करने तथा पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराने के उद्देश्य से बिश्रामपुर कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने गुरुवार को बिश्रामपुर थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान कन्या हाई स्कूल की दो दर्जन से अधिक छात्राएं शिक्षकों के साथ थाना परिसर पहुंचीं,थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रकाश राठौर एवं एएसआई अविनाश सिंह ने छात्राओं को पुलिस के कार्य,अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया एवं बेसिक पुलिसिंग की विस्तृत जानकारी दी,छात्राओं ने विवेचक कक्ष,मालखाना, हवालात,शस्त्रागार सहित पूरे थाना परिसर का अवलोकन किया,जहां पुलिस कर्मियों ने प्रत्येक व्यवस्था की जानकारी सरल भाषा में समझाई गई। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं,जिनका संतोषजनक उत्तर उपस्थित पुलिस कर्मियों द्वारा दिया गया, वहीं वालेंटियर कांति सिंह ने छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी,साथ ही शासन स्तर पर संचालित जागृति अभियान,डॉन अभियान,बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए गुड टच–बैड टच विषय पर भी जागरूक किया गया,पुलिस द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों,साइबर ठगी से बचाव,अनजान कॉल रिसीव न करने,बिना कारण किसी लिंक को न खोलने तथा डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की समझाइश भी दी गई,इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिकाएं व्याख्याता श्रीमती रेखा लाल,शोभना रंजीत, प्रीति टोप्पो सहित प्रधान आरक्षक जोशी टोप्पो, निर्मल सिंह,दरश देवांगन,अखिलेश्वर पांडेय,योगेश एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा,भ्रमण के अंत में पुलिस कर्मियों एवं छात्राओं ने यादगार पलों के लिए सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

### विजन समाज सेवी संस्था द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** विजन समाज सेवी संस्था द्वारा लगातार शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, प्रशिक्षण केंद्रों, एवं छात्रावास में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं विधिक अधिकारों की जागृति हेतु जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विगत दिनों रजपुरी कला बालिका कस्तूरबा आवासीय विद्यालय एवं दशमेश पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष दास ने कहा कि युवाओं और बच्चों की लगातार हो रही आत्महत्याओं की अनदेखी ने अभिभावकों को एक अंधे डर और चिंता में धकेल दिया है। समाजसेविका एवं अधिवक्ता शिल्पा पाण्डेय कहा कि अभी तक दो महीनों में सरगुजा में पंद्रह से अधिक कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम किए जा चुके हैं जिसमें लगभग बीस हजार विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। बालिकाएं छोटी-छोटी पन्नों में अपनी समस्या बता रही हैं ताकि उनका नाम गोपनीय रखा जा सके। महिला थाना प्रभारी सुनीता भारद्वाज ने पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति, मोबाइल के दुरुपयोग एवं साइबर अपराध के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्रावास अधीक्षक अनुराधा सिंह द्वारा छात्रावास में होने वाले मानसिक संवर्धन गतिविधियों से सभी को अवगत कराया।

### ट्रैक्टर का दो किस्त नहीं पटा पाने से परेशान युवक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** फाइनेंस कराए ट्रैक्टर का दो किस्त नहीं पटा पाने से परेशान युवक ने फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम धनगांव निवासी तनमय साना आ. मंगल साना (29 वर्ष) 6 जनवरी को फाइनेंसर से मोबाइल फोन में बात करने के बाद कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने युवक को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता मंगल सना ने पुलिस को बताया है कि दो साल पहले उसके नाम से ट्रैक्टर फाइनेंस हुआ था, जिसका पहला किस्त 1 लाख 50 हजार रुपये उन्होंने पटा दिया था। इसके बाद उनका लड़का तनमय ही ट्रैक्टर चलवा रहा था। 6 जनवरी की शाम करीब 6-7 बजे फाइनेंस कंपनी से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि दूसरा किस्त 80 हजार रुपये है। इसकी जानकारी वह अपने पुत्र तनमय को देते हुए कहा कि ट्रैक्टर से तुम काम करा रहे हो, इसका किस्त पटा दो। इसके बाद तनमय मोबाइल फोन से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से कुछ बात किया और 7.30 बजे के लगभग कीटनाशक पी लिया। जिसके बाद वह घर के सामने उल्टी करने लगा। कीटनाशक का गंध आने पर उसे बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने देर रात उसे रेफर कर दिया था। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## एनएच पर नहीं थम रही सड़क दुर्घटना

# ट्रक की चपेट में आने से गई युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एनएच पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। नवम्बर माह से अब तक कभी एनएच 43 पर तो कभी एनएच 130 पर सड़क दुर्घटनाएं होती रही और पिछले दो माह के भीतर ही एनएच पर सड़क दुर्घटना होने से एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। बीती रात भी एनएच 43 लाल माटी चेन्द्रा के समीप मिनी ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई जबकि एक दिन पूर्व ही 130 पर पैदल जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल ग्रामीण की मौत हो गई थी।

**खास बात**
- दो माह के भीतर हुई आधा दर्जन अधिक लोगों की मौत

एनएच 43 चेन्द्रा लाल माटी के समीप बीती रात लगभग 8 बजे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम दोरना निवासी संतोष नगेसिया आ. घूरन नगेसिया (37 वर्ष) बुधवार को बाइक से शहर के गंगापुर निवासी परिचित के यहां दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही एनएच 43 चेन्द्रा लालमाटी के समीप पहुंचा तभी मिनी ट्रक से टक्कर हो जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में युवक मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपात कालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### दो माह के भीतर ही एक दर्जन अधिक लोगों की मौत

एनएच 43 पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। लुचकी घाट से लेकर कुनकुरी के बीच अब तक कई सड़क हादसा हो चुके है जिसमें कई लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी है। इसी तरह एनएच 130 पर हालही में कई सड़क दुर्घटना हुई जिसमें वाहन सवार के साथ पैदल जा रहे लोगों की दुर्घटना से मौत हो चुकी है।



घटना स्थल पर घायल बाइक सवार।

### स्ट्रीट लाइट बना शो पीस

एनएच पर रात के समय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इस लेकर सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई है। हैरानी की बात तो यह है कि विद्युत पोल व लाइट लगाए कई माह हो चुके है परंतु आज तक लाइट से सड़क रोशन नहीं हो सकी। एनएच पर हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती। एनएच 43 पर रघुनाथपुर से लेकर कुनकुरी तक सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है लेकिन आज तक लाइट से एनएच रौशन नहीं हो सकी। इस प्रकार की स्थिति एनएच 130 की भी है जहां डांडगांव सहित अन्य जगह पर एनएच किनारे विद्युत पोल व लाइट लगाए गए है लेकिन लाइट चालू नहीं होने से शाम ढलते ही एनएच अंधेरा में डूब जाता है। ऐसे में अंधेरा होने के कारण अधिकांश सड़क हादसे होते है।

### गिरने से गंभीर ग्रामीण की उपचार दौरान मौत

घर के आंगन में गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम भगवानपुर निवासी शिवनाथ एक्का (60 वर्ष) 5 जनवरी को रिश्तेदार ग्राम देवनगर निवासी के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने आया था। दूसरे दिन सुबह घर जाने की तैयारी कर रहा था तभी आंगन में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने की अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की गई।

छेरता के दिन कीटनाशक पीने की अलग अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत घोड़ापारा निवासी रतनपुरहीन पति पलस राम (51 वर्ष) 3 जनवरी छेरता के दिन त्यौहार के उपलक्ष्य में पति पत्नी दोनों शराब पीए और रात में भोजन कर सो गए। इसी बीच देर रात महिला उठी और अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। सुबह घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पवनपुर बिझियापारा निवासी हीरा धन सोरी आ. अमर साय (32 वर्ष) छेरता के दिन घर में शराब पी रहा था जबकि पत्नी देवमती बकरी चराने गई थी। शाम को पत्नी वापस लौटी तो देखी पति उल्टी कर रहा है और कीटनाशक का गंध आने पर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पॉकिटमार हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा के तमाम व्यवस्था किए जाने के बावजूद अस्पताल में चोरी व पॉकेटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रात के समय जहां अस्पताल में चोर महंगे सामान व मोबाइल के फिराक में सक्रिय रहते है वहीं दिन के समय भीड़ का फायदा उठाते हुए पॉकेटमार सक्रिय हो जाते है। आज सुबह भी ओपीडी में आभा एप से पर्ची के लिए टोकन कटवाने दौरान ही मरीज लेकर आए एक परिजन के जेब से चोरों ने पांच हजार रुपए पार कर दिए। पीड़ित ने घटना की शिकायत अस्पताल पुलिसकर्मियों से की है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने के साथ जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- एक और मरीज के परिजन बन शिकार, जांच में जुटी पुलिस

जानकारी के अनुसार मैनपाट निवासी सर्वेश्वर यादव आज सुबह रिश्तेदार बुजूर्ग दिलराम को जांच व उपचार कराने के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आया था। चिकित्सकों को मरीज को दिखा सके इसके लिए ओपीडी में आभा एप के माध्यम से पर्ची के लिए टोकन कटवा रहा था। सुबह मरीजों के परिजन की काफी भीड़ थी। इसी बीच चोरों ने सर्वेश्वर यादव के जेब में रखे नगद 5 हजार रुपए को निकाल कर पार कर दिया। पॉकेटमारी की जानकारी उस समय लगी जब वह जेब में रखे रुपए को निकालने लगा तो पता चला की रबर से बांधे रुपए गायब थे। पॉकिटमार का शिकार हुए सर्वेश्वर ने तत्काल घटना की शिकायत अस्पताल पुलिस कर्मियों से की व बताया कि उसके जेब में रखे नगद 5 हजार रुपए चोरी हो गए है। शिकायत पर पुलिस ने जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा वार्ड के गलियारों में सीसी टीव्ही कैमरा लगाए गए है और किसी प्रकार की आपराधिक घटना के अलावा रात में चोरी व दिन में पॉकेटमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था होने के बावजूद चोर इस कदर शातिर है कि पुलिस व सुरक्षा कर्मियों के आंख में धूल झोंक बड़ी आसानी से महंगे मोबाइल व सामानों की रैकी कर मौका देख पार कर देते है खास कर मोबाइल। अस्पताल से मरीज व परिजन के कई दर्जन मोबाइल वार्ड से पार हो चुकी है लेकिन आज तक चोरी करने वाले एक भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सका है।





## धर्म, संस्कृति को बचाए रखने के लिए माता राजमोहिनी के मार्ग पर चलना होगा : कौशल्या देवी

**प्रतापपुर।** पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जनजाति गौरव समाज प्रदेश महामंत्री राम लखन सिंह पैकरा के आतिथ्य में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में श्रीमती साय ने कहा कि जनजाति रीति-रिवाज, परंपरा, धर्म व संस्कृति को बचाए रखने एवं सामाजिक बुराइयों को लेकर माताजी ने जो आंदोलन शुरू किया उसे पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने सभी को मिलकर हिंदू समाज को मजबूत और संगठित करने का आह्वान किया और कहा कि विदेशी धर्म संस्कृति से बचना अत्यंत आवश्यक है। लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन करने का जो षड्यंत्र चल रहा है उससे पूरे समाज को सावधान रहना है। अकाल के समय माताजी ने पूरे समाज में समरसता का संदेश दिया। आज सरकार और समाज आपके साथ है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि कोई बाहरी व्यक्ति लालच देकर धर्म परिवर्तन कराता है तो हम सबकी जिम्मेदारी है कि समाज को बचाने के लिए लोग आगे आयें। क्षेत्रीय विधायक शकुंतला पोर्ते ने कहा कि माता राजमोहिनी देवी के बताए मार्ग पर चलते हुए सभी लोगों को साथ जोड़कर अपने संगठन की ताकत बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह का आयोजन करते रहना चाहिए। आश्रम की संरक्षिका श्रीमती राम बाई ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम, हंसराज सिंह मरकाम, दिनेश सिंह, रघुवीर भगत, श्रीमती शशिकला भगत, श्रीमती मनीषा पैकरा, बसंत बावली, पूरन सिंह मरकाम, राम अमरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

## राज्य दिव्यांगजन विकास निगम के अध्यक्ष व डायरेक्टर ने ज्ञानोदय मूकबधिर विद्यालय का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया का आगमन ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय में हुआ,उनके साथ हरेन्द्र पटेल डायरेक्टर दिव्यांगजन वित्त विकास निगम भी उपस्थित रहे,उनकी अगवानी संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने की, लोकेश कावड़िया को सर्वप्रथम विद्यालय का अवलोकन कराया गया।

- कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किये दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई हस्तशिल्प सामग्री की हुई प्रशंसा

कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किए विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय परिसर में अपने अतिरिक्त पीरियड में हस्तशिल्प सामग्री का निर्माण किया जा रहा है। लोकेश कावड़िया को विद्यालय के बच्चों के द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामाग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनके सामाग्रियों की प्रशंसा की,छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय के बच्चे दिव्यांगजन कौशल विकास शिविर बीकानेर एवं रायपुर में भाग लेकर स्किल्ड हो रहे हैं और आत्मनिर्भर होने की स्थिति में आ रहे हैं,दिव्यांगजन कौशल विकास शिविरों के आयोजन के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है, जिसके अच्छे परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे है, लोकेश कावड़िया ने दिव्यांगजनों के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि जो भी दिव्यांग व्यक्ति स्वरोजगार के लिए ऋण लेना चाहते हैं,वे आवेदन कर सकते हैं,उन्हें 50 लाख रुपए तक का ऋण स्वीकृत किया जा सकता है,अगर उस कार्य के लिए वे प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है तो उन्हे प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा,संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने विद्यालय की स्थापना भावी एवं संचालित गतिविधियों से लोकेश कावड़िया जी को अवगत कराया,उन्होंने बताया कि बीकानेर राजस्थान एवं रायपुर से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय के बच्चे सिलाई, कढ़ाई, नेल आर्ट, गजरा मेकिंग, लिप्पन आर्ट, वॉल पुट्टी आर्ट, हर्बल लिप बाम, साबुन, पेन बाम, एलोवेरा बेस साबुन, कैंडल मेकिंग जैसी विधाओं का उपयोग कर आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं।



छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के तहत स्वरोजगार हेतु इच्छुक विद्यालय के 12 वीं पास विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को एक सेमिनार में बुलाकर योजनाओं से अवगत कराने और उसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के अलावा सिद्धार्थ तिवारी,तुलेश्वर प्रताप सिंह जायसवाल,रक्षा अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल व अन्य उपस्थित थे।

## विधायक उद्धेश्वरी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, एसआईआर पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के मुख्य आतिथ्य में कुसमी विकासखंड के मंडल चांदो , नावाडीह एवं करचा में बैठक आयोजित की गई। चांदो मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता बीएलए 2, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी की उपस्थिति में बैठक हुई।

बैठक में एसआईआर संबंधित सभी बातों को विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही पात्र व्यक्तियों का नाम जुड़वाने एवं अपात्र व्यक्तियों का नाम कटवाने की सलाह दी गई, जिससे आगामी होने वाले सभी चुनाव निष्पक्ष रूप से हो सके। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य की विष्णु देव साय की सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ता को कही गई, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ सुदूर अंचल तक के लोगों तक पहुंच सके।



बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, चांदो मंडल प्रभारी अजय गुप्ता, चांदो मंडल अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता , बंशीधर गुप्ता, अर्जुन यादव, भोला यादव, मंडल महामंत्री सतीश भगत, अभिषेक गुप्ता, जनार्दन राम, विवेक गुप्ता, मनोज गुप्ता, मेनू महतो सहित बीएलए 2 बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनडीपीएस के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

विशेष न्यायाधीश ने एनडीपीएस एक्ट मामले में नशे के कारोबारी आरोपी को दी 10 वर्ष की सश्रम कारावास व 1 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

चौकी बसदेई पुलिस ने 27 जनवरी 25 को मुखबीर की सूचना पर ग्राम डबरीपारा तालाब के पास मेन रोड़ पर ग्राम जूर निवासी अमजद अली अंसारी आ. शेख हामीद अंसारी (30 वर्ष) को उसकी कार क्रमांक सीजी 16 सीजी 9664 से 49 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा था। मामले में पुलिस ने नशीली इंजेक्शन जब्त कर उसके विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले के विवेचक एसआई सकलू राम भगत द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह



विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण के समग्र तथ्यों, गवाहों के कथन, एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अपराध सिद्ध होने से आरोपी अमजद अली अंसारी को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 21(सी) के आरोप में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए छात्रा शिल्पी का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की होनहार छात्रा कुमारी शिल्पी विश्वकर्मा ने दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। सरगुजा से चयनित होने वाली एकमात्र छात्र है। राष्ट्रीय युवा उत्सव में देश के 28 प्रदेशों के चुने हुए प्रतिभागी भाग लेंगे। इन प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। . राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के दिल्ली रवाना होने के पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री निवास में सेंड ऑफ़ सेरेमनी का आयोजन कर उन्हें दिल्ली रवाना किया गया। गौरतलब है कि 2047 के पूर्व भारत को विकसित बनाने की मुहिम के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में प्रतिभागियों का लीडरशिप असेसमेंट किया गया. जिसमें पांच विषयों में तीन तीन एवं पांच विषयों में 6 अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय युथ उत्सव में भाग लेने हेतु चयनित किया गया है। गांधीनगर निवासी छात्रा कुमारी शिल्पी विश्वकर्मा पुत्री अमित विश्वकर्मा ने बताया कि चयन के प्रारंभिक चरण में उन्होंने दक्षिण भारत में मंदिरों की स्थापत्य शैली विषय पर अपना निबंध ऑनलाइन भेजा था. इसके बाद उन्हें रायपुर बुलाया गया था। रायपुर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्हें 12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला है जिसमे प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विषय पर बोलने का अवसर मिलेगा।





### पुलिस ने वर्षों से फरार 7 स्थाई व 4 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा

**सूरजपुर।** अपराधों की रोकथाम के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों को स्थाई-गिरफ्तारी वारंट तामील प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में चौकी बसदेई पुलिस ने धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज के मामले में वर्षो से फरार स्थाई वारंटी दीपक उर्फ बादशाह बजरंगी सिंह, बाजीलाल, प्रेमसाय व सूरज प्रसाद तथा गिरफ्तारी वारंटी जारूल खान, घरभरन काशी, नंदकुमार कुशवाहा, रामकुमार पैंकरा को दबिश देकर पकड़ा है। थाना भटगांव पुलिस ने चोरी व जुआ एक्ट के मामले में फरार स्थाई वारंटी हीरामन राजवाड़े ग्राम अनरोखा व शमीम उर्फ सोनू खान ग्राम अधिना को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया है।

## छह माह से बंद पड़ी बलरामपुर खदान को शुरू कराने एचएमएस का धरना प्रदर्शन आज

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र की बलरामपुर खदान को प्रबंधन द्वारा कथित रूप से षड्यंत्रपूर्वक बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठन कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) बिश्रामपुर ने खदान को पुनः चालू कराने की मांग को लेकर आज 9 जनवरी से महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की घोषणा की है।

- सुनवाई नहीं होने पर 16 जनवरी से क्रमिक भूख हड़ताल करेगा एचएमएस संगठन

एचएमएस के महामंत्री देवेंद्र मिश्रा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि यदि धरना प्रदर्शन के बाद भी प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया,तो संगठन द्वारा 16 जनवरी से क्रमिक भूख हड़ताल तथा 23 जनवरी से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि बलरामपुर खदान को घाटे में चलने तथा सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) के नवीनीकरण नहीं होने का हवाला देकर पिछले करीब छह माह से बंद रखा गया है,जबकि उक्त खदान में लगभग 30 लाख टन कोयले का भंडार मौजूद है,उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन ने जानबूझकर खदान को डूबने की स्थिति में छोड़ दिया है,खदान बंद होने से कुमदा क्षेत्र की दोनों खदानों से जुड़े करीब 500 से अधिक कामगारों पर अन्यत्र तबादले का खतरा मंडरा रहा है,साथ ही खदानों के बंद रहने से स्थानीय बाजार एवं व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है,एचएमएस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बलरामपुर खदान को पुनः चालू नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# आज रिलीज होगी प्रभास की 'द राजा साब'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब'को लेकर चर्चाओं में हैं। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली 'द राजा साब'को अब रिलीज से एक दिन पहले कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 'द राजा साब'के निर्माताओं को टिकट की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर राहत प्रदान की है। प्रभास स्टारर 'द राजा साब'9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मारुति द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, संजय दत्त, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लाइफ Style

# सारा
## लोकप्रियता में प्रभात-थलापति को पीछे छोड़ा

धुरंधर से सुर्खियों में आईं अभिनेत्री सारा अर्जुन की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ रही है। सारा ने अब लोकप्रियता के मामले में प्रभास और थलापति विजय जैसी हस्तियों को पीछे छोड़ दिया है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर रिलीज के एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और शानदार प्रदर्शन कर रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म की सफलता से फिल्म के कलाकारों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सिर्फ रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना ही नहीं, बल्कि फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन को भी धुरंधर की सफलता से फायदा मिला है। तभी सारा इस हफ्ते आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। इस मामले में उन्होंने प्रभास और थलापति विजय जैसे कई बड़े दिग्गजों को पीछा छोड़ा है। आईएमडीबी ने अपनी साप्ताहिक लोकप्रियता रैंकिंग जारी की। ये दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के पेज व्यू और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में सारा अर्जुन, जो पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थीं, इस बार शीर्ष पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में थलपति विजय, प्रभास और अगस्त्य नंदा सहित भारतीय सिनेमा के कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता का श्रेय काफी हद तक 'धुरंधर' को जाता है। आईएमडीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'इस सप्ताह की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अपने पसंदीदा सितारों को पहचानें। यह सूची 'पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज' द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो आईएमडीबी का एक साप्ताहिक फीचर है।



## हॉलीवुड मसाला



# समुद्री डाकू के किरदार में प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की नई हॉलीवुड फिल्म से उनका लुक सामने आया है। इस बार प्रियंका एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अब इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। अब एक बार फिर वो हॉलीवुड में अपना जलवा बिखेरने वाली है। उनकी आगामी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' से उनका पहला लुक सामने आ गया है। इस फिल्म में प्रियंका के साथ कार्ल अर्बन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# तलाक के बाद ग्वेनेथ पाल्ट्रो को हुआ था बड़ा नुकसान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने अपनी निजी जिंदगी की वजह से अपनी प्रोफेशनल लाइफ में नुकसान उठाया है। इसके बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि एक्टर क्रिस मार्टिन से तलाक के कुछ समय बाद ही उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। तलाक के कुछ ही समय बाद जब उन्होंने फिल्म में अपना रोल खोया, तो ये मामला सुर्खियों में आया। उस समय के बारे में बात करते हुए ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि प्रेस में उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत बातें हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से फिल्म से जुड़े लोगों ने उन्हें प्रोजेक्ट से हटाने का फैसला किया। उनके मुताबिक, उन्हें लगा कि उनके तलाक की वजह से बनी स्थिति ने फिल्म के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं।



# 25 साल बाद भूत बंगला में अक्षय के साथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर जारी किया है। अब उनकी एक और अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया है। यह फिल्म अब 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। इसमें अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 25 साल बाद अक्षय और तब्बू 'भूत बंगला' में फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने पहले इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 बताई थी। हालांकि अब यह कन्फर्म हो गया है कि फिल्म एक महीने बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# स्मगलिंग रैकेट को खत्म करने खाई कसम

**मुंबई।** फिल्म 'हक' के बाद इमरान हाशमी अपनी नई सीरीज 'तस्करी- द स्मगलर्स वेब' के जरिए अपने फैंस को एक तोहफा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेकर्स ने 7 जनवरी को इसका ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर में लुका-छुपी का खेल नजर आया है। इसमें तस्कर चीजों को छिपाना अपनी कला मानते हैं, वहीं इमरान हाशमी चीजों को ढूंढने में अपनी महारत समझते हैं। 2 मिनट 29 सेकेंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि इमरान हाशमी एक कस्टम अफसर हैं। उनको सस्पेंड कर दिया गया है। देश के जिम्मेदार देश में तस्करी रोकना चाहते हैं, इसलिए वह उन अधिकारियों की तलाश करते हैं जो ईमानदार हैं। ऐसे में इमरान हाशमी समेत तीन कस्टम ऑफिसर्स का सस्पेंशन रोका जाता है। इसके बाद ये लोग विलेन के रूप में नजर आए शरद केलकर को तस्करी से रोकते हैं।

## टीवी मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के सीक्रेट एपिसोड को लेकर लगने लगी अटकलें

**नई दिल्ली।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का फिनाले एपिसोड हाल ही में दर्शकों ने देखा है। लेकिन, इस एपिसोड को आखिरी एपिसोड नहीं माना जा रहा है। क्या इस सीरीज का आखिरी एपिसोड अभी आना बाकी है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स'की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में इस सीरीज का पांचवां सीजन स्ट्रीम हुआ। आखिरी एपिसोड को देखकर कुछ फैंस निराश भी हुए। लेकिन, अब सोशल मीडिया पर आखिरी एपिसोड को लेकर कई थ्योरी चल रही हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें लग रही हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का एक स्पेशल एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिल सकता है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड नेटफ्लिक्स पर 1 जनवरी को भारत में स्ट्रीम हुआ। जबकि यूएस और बाकी जगहों पर यह एपिसोड 31 दिसंबर को दर्शकों ने देखा था। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा था। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का था। आखिरी एपिसोड में सीरीज की लीड कैरेक्टर एलेवन, विलेन वेक्ना को खत्म कर देती है। लेकिन, जिस तरह से वेक्ना का खात्मा हुआ, वह फैंस को निराश कर गया। अब स्ट्रेंजर थिंग्स के फिनाले के बारे में बहुत सारी थ्योरीज चल रही हैं। सोशल मीडिया पर कुछ फैंस का मानना है कि आखिरी एपिसोड में कई ऐसे हिंट है, जो बताते हैं कि इस सीरीज का यह आखिरी एपिसोड नहीं था। फैंस का मानना है कि लीड कैरेक्टर इलेवन जिंदा है या मरी है, इस बात का पता नहीं चल रहा है, ऐसे में लगता है कि सीरीज अभी खत्म नहीं हुई है। इसके अलावा कई फैंस ने फिनाले एपिसोड पर रिसर्च की है, जिससे उन्हें कई और हिंट मिल रहे हैं, जो बताते हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' की कहानी अभी खत्म नहीं हुई।

## नागिन के आते ही फीका पड़ा अनुपमा का जादू

**नई दिल्ली।** 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा है। इसकी टीआरपी 2.2 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। इस सीरियल की पहले से अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इस सीरियल ने भी रिलीज होने के एक हफ्ते के बाद ही टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल 'अनुपमा अक्सर ही टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। लेकिन, पिछले कुछ हफ्तों में इसकी टीआरपी कम हुई। 52वें हफ्ते में इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। टीआरपी लिस्ट में इसे तीसरा स्थान मिला है।



# पुलिसकर्मियों के साथ सोनू ने गुनगुनाया घर कब आओगे गाना


**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बीते दिनों इस फिल्म का गाना 'घर कब आओगे' जारी किया गया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज से पहले हाल ही में सिंगर सोनू निगम ने यह गाना मुंबई पुलिस के लिए मुंबई में आयोजित एक इवेंट में गुनगुनाया। इस इवेंट का आयोजन पुलिसकर्मियों के सम्मान में किया गया था। घर और परिवार से दूर रहकर लोगों की सेवा, देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में मुंबई में बुधवार को एक इवेंट का आयोजित किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों के सम्मान में कई भावुक संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम में मशहूर सिंगर सोनू निगम भी पहुंचे और उन्होंने फिल्म 'बॉर्डर 2' का गाना 'घर कब आओगे' गाया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ यह गाना मंच से गुनगुनाया। इस दौरान मुंबई पुलिस के म्यूजिक बैंड ने संगीत पेश किया। फिल्म 'बॉर्डर 2', क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है।



# राजा शिवाजी से लेकर वी शांताराम और ईथा तक इस साल रिलीज होंगी ये बायोपिक फिल्में...

**नई दिल्ली।** इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इनमें रितेश देशमुख की राजा शिवाजी से लेकर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर जैसे सितारों से सजी कई अन्य दिग्गजों की बायोपिक फिल्में भी शामिल हैं। साल 2026 के शुरू होते ही फिल्मों की घोषणा और रिलीज डेट भी सामने आने लगी है। साल की शुरुआत ही बॉलीवुड फिल्म इक्कीस की रिलीज के साथ हुई। इसके अलावा साल के पहले ही महीने यानी जनवरी में ही कई फिल्में रिलीज होनी है। हर साल की तरह 2026 में भी अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में देखने को मिलेंगी। इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।







**राजा शिवाजी** : मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर कई फिल्में बन चुकी हैं। अब रितेश देशमुख एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज पर एक नई फिल्म बना रहे हैं। इसका नाम राजा शिवाजी है। पिछले दिनों रितेश ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में रितेश देशमुख न सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाएंगे, बल्कि फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी खुद ही किया है। फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। वहीं, फिल्म की कास्ट भी काफी बड़ी है। इसमें रितेश देशमुख के अलावा संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, जेनेलिया देशमुख, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेंद्र जोशी सरीखे कलाकारों के नाम शामिल हैं। राजा शिवाजी 1 मई को रिलीज होनी है।

**वी. शांताराम** : दिग्गज फिल्म निर्माता वी. शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। वो वी. शांताराम का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म का निर्माण अभिजीत शिरीष देशपांडे कर रहे हैं। फिल्म में वी. शांताराम के मूक फिल्म युग से लेकर रंगीन सिनेमा के आगमन तक के सफर को दिखाया जाएगा। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन इसके इसी साल रिलीज होने की संभावना है।

**ईथा** : ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की बायोपिक है। फिल्म में श्रद्धा कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जो विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म का निर्देशन छावा का निर्देशन करने वाले लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। रणदीप हुड्डा फिल्म में लीड एक्टर के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

## एक बेहद खूबसूरत हीरोइन, आजीवन रही कुंवारी

# 53 साल की उम्र में की सगाई, फिर भी नहीं हो सकी शादी

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में पर्दे पर तो हमने कई प्रेम कहानियां देखी हैं। आम तौर पर इन कहानियों का अंत सुखद ही रहता है। लेकिन, इस चकाचौंध भरी दुनिया में कुछ प्रेम कहानियां ऐसी भी हुईं, जो अधूरी रह गईं। एक ऐसी ही प्रेम कहानी है तीन दशकों तक बॉलीवुड में अपनी अदाकारी और खूबसूरती से सबक दिल जीतने वाली नंदा की। उनका असली नाम नंदिनी कर्नाटकी था। 8 जनवरी 1939 को वह मराठी फिल्मों के दिग्गज डायरेक्टर-प्रोड्यूसर और एक्टर विनायक दामोदर कर्नाटकी के घर पैदा हुई थीं। नंदा को 30 साल से अधिक के कॅरियर में छोटी बहन, धूल का फूल, भाभी, काला बाजार, कानून, हम दोनों, जब जब फूल खिले, इत्तेफाक और प्रेम रोग जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। ये कहानी है खूबसूरत नंदा और दिग्गज फिल्ममेकर मनमोहन देसाई की अधूरी प्रेम कहानी की। नंदा आजीवन अविवाहित रहीं। उन्होंने कभी शादी नहीं की थी। लेकिन, एक समय था जब मनमोहन देसाई उन पर जान छिड़कते थे। दोनों शादी करने वाले थे। लेकिन, इससे पहले कि यह प्यार आगे बढ़ता, मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*



### मास्टर विनायक की बेटी थीं

नंदा पैदा तो शो-बिजनेस परिवार में हुई थीं, लेकिन उनके पिता की 41 साल की उम्र में ही मृत्यु हो गई, तब वह महज 7 साल की थीं। वह नंदा के पिता मास्टर विनायक ही थे, जिन्होंने लता मंगेशकर को फिल्म इंडस्ट्री में इंट्रोड्यूस किया था। उनके निधन के बाद नंदा के परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वह एक बाल कलाकार बन गईं और 1950 के दशक की शुरुआत में फिल्मों में डेब्यू किया, ताकि परिवार की मदद कर सके।

### पिता की मौत, 6 भाई बहनों की जिम्मेदारी

फिल्मों में काम करने की वजह से नंदा की पढ़ाई पर भी असर पड़ा। वह फिल्मों में काम करतीं, कमातीं और अपने छह भाई-बहनों का सहारा बनीं। नंदा जब अपने स्टारडम के चरम पर थीं, तब 1965 में 'जब जब फूल खिले' की शूटिंग के लिए कश्मीर गई थीं। डायरेक्टर सूरज प्रकाश बताते हैं कि एक महाराष्ट्रीयन लेफ्टिनेंट कर्नल एक्ट्रेस पर फिदा थे। उन्होंने नंदा की मां को शादी का प्रपोजल भी भेजा।

### पत्नी की मौत के बाद अकेले हो गए

पत्नी की मौत के बाद मनमोहन देसाई एकबार फिर से अकेले हो गए। कुछ साल बाद यश जौहर ने नंदा और मनमोहन देसाई की शादी की बात चलानी शुरू की। लेकिन ,सबसे बड़ा सवाल था कि नंदा से बात कैसे की जाए? आखिरकार एक दिन यश जौहर ने नंदा की पक्की सहेली वहीदा रहमान के पास गए और उन्होंने मनमोहन देसाई के दिल का हाल बताया। शुरू में तो वहीदा रहमान ने मना कर दिया। लेकिन, फिर उन्होंने अपने घर पर एक लंच पार्टी रखी और उसमें नंदा को इनवाइट किया। यश जौहर और मनमोहन देसाई को भी बुलाया।

### फिर कभी नहीं की शादी

नंदा ने अपना बाकी जीवन मुंबई में अपने घर में गुजारा। वह परिवार और बहुत करीबी दोस्तों से ही मिलती थीं। फिल्म इंडस्ट्री से उनके करीबी दोस्तों में वहीदा रहमान, नरगिस, आशा पारेख, हेलेन, सायरा बानो, माला सिन्हा, साधना, शकीला और जबीन जलील थीं। 25 मार्च 2014 को 75 साल की उम्र में मुंबई के वर्सोवा स्थित अपने घर में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

***शादी से पहले दुर्घटना** : आखिरकार, बात बनी। साल 1992 में नंदा ने मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। मगर अफसोस, नंदा और मनमोहन देसाई शादी के बंधन में बंध पाते, उससे पहले ही साल 1994 में मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*

### नंदा और मनमोहन की अधूरी प्रेम कहानी

नंदा और मनमोहन देसाई की इश्क की दास्तान 1992 में शुरू हुई। वहीदा रहमान के कहने पर अधेड़ उम्र की नंदा ने डायरेक्टर मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। लेकिन, जल्द ही उनकी मौत हो गई। नंदा तब 53 साल की थीं और मनमोहन देसाई 55 साल के। वह 1994 में गिरगांव में अपने किराए के फ्लैट की छत से गिर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस रेलिंग पर वह झुके हुए थे, वह टूट गई थी। इसके बाद नंदा अविवाहित ही रहीं।

### नंदा को बहुत पहले से बेहद पसंद करते थे देसाई

मनमोहन देसाई को बहुत पहले से ही नंदा को बहुत पसंद करते थीं। वह अक्सर एक्ट्रेस से मिलने और उनके पास जाने का बहाना ढूंढते थे। लेकिन, बात नहीं कर पाते थे। शशि कपूर जानते थे कि मनमोहन देसाई नंदा को बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने ये बात नंदा को भी बताई। नंदा को भी मनमोहन देसाई पसंद थे। लेकिन, वो अपनी तरफ से कोई पहल नहीं करना चाहती थीं।

## खबर संक्षेप

### अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक 13 को

**रायगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक 13 जनवरी को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन वाले संस्थाओं की बैठक

**पुसौर।** बुधवार को पुसौर जनपद में जिला योजना सांख्यिकी सहायक समन्वयक नम्रता पटेल, सांख्यिकी अधिकारी अनिल किसपोटा, पूनम खलखो राजस्व अन्वेषक, रश्मि चंद्रा सहित अन्य की टीम जनपद क्षेत्र के 89 पंचायतों के सचिवों, पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्राथमिक, उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा नगर पंचायत पुसौर में कार्यरत जन्म-मृत्यु पंजीयन करने वाले कर्मचारियों के साथ बैठक किया।

## पेज 1 का शेष

### भतीजी ने रची साजिश...

सिंह के द्वारा विशेष टीम गठित कर, उनकी धर पकड़ हेतु, रांची रवाना की गई, जिनके द्वारा रांची से दोनों को हिरासत में लेकर वापस लाया गया। पुलिस के द्वारा उनके पास से एक हरियर कार, जिसे की वे चोरी के पैसे से खरीदे थे, एक आई फोन, एक एंड्रायड मोबाइल, सोने की बिस्किट, सोने की मंगलसूत्र व सोने का कड़ा को भी जप्त किया गया था।

**पुलिस की सटीक चाल, रांची से गिरफ्तारी-** चोरी सामने आने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। जशपुर पुलिस ने साइबर सेल और मुखबिरों की मदद से उनकी लोकेशन ट्रेस की। आखिरकार प्रेमी जोड़े को रांची के एक होटल से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पूरी साजिश का खुलासा हुआ, जिसके बाद एक-एक कर अन्य आरोपियों को भी दबोचा गया।

**चोरी का माल भी हो गया चोरी-** आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो इस बात का खुलासा हुआ कि जिस शूटकेस में लाखों रुपए एवं लगभग 4 किलो सोना चोरी किया गया था, सोने के कुछ बिस्किट के अलावा बाकी सोना किराए के मकान से फिर किसे ने चोरी कर लिए।

### सादगी, संवेदनशीलता ...

कार्यकर्ताओं को सदैव सम्मान दिया और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करना सिखाया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने यह सिद्ध किया कि राजनीति सत्ता का नहीं, सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने दिया। उन्होंने कहा कि अटल स्मृति सम्मेलन नई पीढ़ी को अटल जी के विचारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है और ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। आभार व्यक्त एवं समापन की घोषणा जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन जिला मंत्री आनंद शर्मा ने किया। उनके कुशल संचालन से पूरा कार्यक्रम अनुशासित और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।सम्मेलन के अंत में उपस्थितजनों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम राष्ट्रसेवा, सुशासन और संगठनात्मक सशक्तिकरण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य रूप से जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष धनियारो परहा, ठाकुर पुरषोत्तम सिंह, सुनील अग्रवाल, संतोष दास, हरजीत सिंह भाटिया, गणेश जैन, रोशन प्रताप सिंह, अनिल मित्तल, अंकित बंसल, प्रवीण अग्रवाल, संजय लोहिया, अवधेश गुप्ता, हेमंत बंजारा, विशाल अग्रवाल, जागेश्वर यादव, प्रतीक सिंह, भुनेश्वरी बेहरा, भारती शर्मा, गुड़िया यादव, सांवरिया अग्रवाल, नरेश यादव, सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। अनुशासित और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

## धान खरीदी में गड़बड़ी पर कांग्रेस का जोरदार धरना

# अन्नदाता के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं सड़क से सदन तक लड़ेगी कांग्रेसः भगत





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में धान खरीदी में तौल की गड़बड़ी, अवैध वसूली और किसानों के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में शुक्रवार को मनोरा ब्लॉक में कांग्रेस का दमदार धरना-प्रदर्शन हुआ।

यह आंदोलन मनोरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत मनोरा के अध्यक्ष परमेश्वर भगत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता धरना स्थल पर जुटे। धरना को संबोधित करते हुए परमेश्वर भगत ने प्रशासन और सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्रों पर खुलेआम तौल में हेराफेरी, अवैध वसूली और किसानों से बदसलूकी हो रही है। अन्नदाता घंटों लाइन में खड़ा रहता है, फिर भी उसके हक पर डाका डाला जा रहा है। यह अन्याय कांग्रेस किसी कीमत पर सहन नहीं करेगी।उन्होंने आगे चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।किसानों के सम्मान और अधिकार की यह लड़ाई है। जरूरत पड़ी तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

### किसानों के हक के लिए सड़क पर उतरी कांग्रेस

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शासन द्वारा किसानों को राहत देने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। धान खरीदी केंद्रों पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। कई किसानों को घंटों लाइन में खड़ा रखा जा रहा है, फिर भी समय पर तौल नहीं हो पा रही है।

### आंदोलन को दी चेतावनी

धरना स्थल पर वक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि धान खरीदी व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। जरूरत पड़ी तो जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

### प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि सभी धान खरीदी उपार्जन केंद्रों पर पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए, तौल मशीनों की नियमित जांच हो, अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई की जाए और किसानों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। धरना-प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ अपना रोष जाहिर किया। पूरे घटनाक्रम से मनोरा क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है।



# किसान बिंदेश्वर धान खरीदी केन्द्र की व्यस्था से हुए सन्तुष्ट,आसानी से बेचा 200 क्विंटल धान

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सक्षम नेतृत्व में जशपुर जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है।



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों में किसानों की लगातार आवक बनी हुई है। शासन द्वारा लागू की गई किसान हितैषी नीतियों एवं पारदर्शी व्यवस्था का सकारात्मक असर अब स्पष्ट रूप से ज़मीनी स्तर पर परिलक्षित हो रहा है। धान उपार्जन केंद्र में अपनी उपज विक्रय करने पहुंचे ग्राम पतरा टोली के कृषक बिंदेश्वर सिंह पिता देव राज ने बताया कि केंद्र पर उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर केंद्र में प्रवेश मिला तथा धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। केंद्र में उन्हें नया एवं स्वच्छ बारदाना उपलब्ध कराया गया और तौल कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा किया गया।

सुव्यवस्थित व्यवस्था के चलते समय की बचत के साथ-साथ धान विक्रय की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही। कृषक ने बताया कि वे लगभग 200 क्विंटल धान लेकर केंद्र पहुंचे थे। कृषक ने बताया कि डिजिटल टोकन प्रणाली एवं सुनियोजित प्रबंधन के कारण अब धान बेचने में काफी सहूलियत हो रही है। उन्होंने शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और सम्मान की अनुभूति हो रही है।

# वरिष्ठ इतिहासकार रक्षित से मिले पीएचडी शोधार्थी

## शोध, अकादमिक अनुशासन और स्थानीय अध्ययन पर हुई विस्तृत चर्चा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले की शैक्षणिक एवं बौद्धिक परंपरा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के अंतर्गत जिले के प्रख्यात इतिहासकार, शिक्षाविद् एवं पूर्व प्राचार्य डॉ.विजय कुमार रक्षित से दो पीएचडी शोधार्थियों ने आज सौजन्य भेंट की। यह भेंट शोध से संबंधित आवश्यक विषयों पर विचार-विमर्श, मार्गदर्शन एवं अकादमिक संवाद के उद्देश्य से संपन्न हुई।



इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विषय के पीएचडी शोधार्थी जयेश सौरभ टोपनो तथा हिंदी साहित्य विषय के शोधार्थी मुकेश कुमार उपस्थित रहे। दोनों शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध विषयों को लेकर डॉ. रक्षित से विस्तृत चर्चा की तथा शोध प्रक्रिया से जुड़े विविध शैक्षणिक पहलुओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। आज के समय में शोध केवल औपचारिक डिग्री तक सीमित न रहकर समाज, संस्कृति और इतिहास की गहन समझ का माध्यम बनता जा रहा है। इसी दृष्टिकोण के साथ दोनों शोधार्थियों ने वरिष्ठ विद्वान डॉ. विजय कुमार रक्षित से भेंट कर अपने शोध कार्य को और अधिक प्रामाणिक एवं सार्थक बनाने का प्रयास किया। शोधार्थियों ने स्पष्ट किया कि वे अपने शोध में केवल सैद्धांतिक अध्ययन तक सीमित न रहकर स्थानीय संदर्भों, ऐतिहासिक तथ्यों और सामाजिक संरचना को भी शामिल करना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से उन्होंने डॉ. रक्षित जैसे अनुभवी इतिहासकार से प्रत्यक्ष संवाद को आवश्यक माना। इस अवसर पर डॉ.विजय कुमार रक्षित ने शोधार्थियों को अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "पर्यटन का स्वर्ग – जशपुर" भेंट की। यह पुस्तक जशपुर जिले के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक संरचना का विस्तृत एवं प्रामाणिक विवरण प्रस्तुत करती है। डॉ.रक्षित ने बताया कि इस पुस्तक का उद्देश्य जशपुर को केवल पर्यटन स्थल के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक इकाई के रूप में प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक शोधार्थियों के लिए संदर्भ ग्रंथ के रूप में उपयोगी सिद्ध हो सकती है, विशेषकर उन विषयों में जहां इतिहास, समाज और संस्कृति का अंतर्संबंध दिखाई देता है।

### लोदाम चेकपोस्ट पर बसों की जांच, कई बसों पर कार्रवाई

**जशपुरनगर।** माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाए जाने के तहत यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और स ड़ क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लोदाम परिवहन चेकपोस्ट पर बसों की सघन जांच शुरू की गई है। खासकर पर्यटक परमिट वाली बसों में हाल ही में बढ़ी दुर्घटनाओं को देखते हुए अभियान और कड़ा किया गया है। चेकपोस्ट पर अधिकारियों ने अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी और आपातकालीन दरवाजों की स्थिति की बारीकी से जांच की। चालकों और परिचालकों को आपातकालीन दरवाजों के सही उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया।बसों पर सुरक्षा मानदंडों को पूरान करने के कारण कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की अपील की।



# बीईओ ने बच्चों के बीच पहुंचकर दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैकरा संकुल समन्वयक कलेश्वर यादव एवं जुबराज यादव के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासंताला, केराड़ीह, लोधमा पहुंचकर तीनों संस्थानों के बच्चों को यशस्वी जशपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान- बच्चों के शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने, कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम, 70 प्रतिशत बच्चों द्वारा 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने एवं टॉप टेन में स्थान बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। इसके लिए उन्होंने कई प्रभावपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि, किसी भी मंजिल को प्राप्त करने के लिए लक्ष्य बनाना आवश्यक है और लक्ष्य हमेशा ऊंचा होना जरूरी है।

बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, कोई भी कार्य असंभवस नहीं है। सफलता के लिए कार्य करने का तरीका एवं कठिन परिश्रम की आवश्यकता है। प्रतिदिन शिक्षकों द्वारा दिए गए ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न उत्तर की तैयारी करें, लिखित अभ्यास करें, घर में कम से कम प्रतिदिन 6 घंटे सभी विषयों के लिए समय सारणी के अनुरूप अध्ययन करें तथा स्कूल के साथ ही घर में भी लिखित अभ्यास करें, वे बच्चे जो अर्धवार्षिक परीक्षा में केवल पास हैं अथवा फेल हो गए हैं वह सभी 60 प्रतिशत से अधिक एवं 60 प्रतिशत प्राप्त करने वाले 80 प्रतिशत से ऊपर तथा 80 प्रतिशत प्राप्त करने वाले 95 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने का लक्ष्य बनाकर परीक्षा की तैयारी करें 1 इनके द्वारा किए गए मार्गदर्शन से बच्चों के चेहरे में खुशियों की लहर छा गई तथा नई उत्साह एवं उमंग का संचार हुआ और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला के प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैकरा के विद्यालय आकर मार्गदर्शन करने के लिए खुशी जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों द्वारा उनका वेलकम क्लिप्स से स्वागत किया गया।

# विश्व शांति की अलख लेकर जशपुर पहुंची विश्व पदयात्री टीम

**जशपुरनगर।** विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश लेकर देश-विदेश में पदयात्रा कर चुकी विश्व शांति विश्व पदयात्री टीम के चार सदस्य इन दिनों जशपुर प्रवास पर हैं। इस दौरान टीम के सदस्य अवध बिहारी लाल, जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप एवं गोविन्दानन्द ने कलेक्टर रोहित व्यास से कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पदयात्री दल ने राष्ट्रध्वज के साथ फोटो भी खिंचवाया और अपनी अब तक की उपलब्धियों एवं उद्देश्यों से कलेक्टर को अवगत कराया।

विश्व शांति विश्व पदयात्री टीम जशपुर जिले में 8 जनवरी 2026 से 13 जनवरी 2026 तक प्रवास पर है। इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने टीम के सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और जशपुर जिले में उनके कार्यक्रमों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। दल के सदस्यों ने बताया कि वे भारत सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु "डेन्जर्स रेलवेंचर्स स्पोर्ट्स लॉन्गेस्ट वर्ल्ड टूर



### कलेक्टर रोहित व्यास से की सौजन्य भेंट

ऑन फुट जर्नी"अभियान के अंतर्गत देश-विदेश में पदयात्रा कर रहे हैं। लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर यह टीम अब तक 11 देशों में लगभग 4 लाख 52 हजार किलोमीटर की विश्व शांति पदयात्रा कर चुकी है। साथ देश के विभिन्न जनपदों में पदयात्रा एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी कर चुकी है। वर्ष 2018 में टीम ने दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट बेस कैंप की यात्रा भी सफलतापूर्वक पूरी की थी। पदयात्री दल ने बताया कि अब तक उनकी पहल से देशभर में लगभग 14 करोड़ 50 लाख पौधों का रोपण कराया जा चुका है। टीम स्कूलों, कॉलेजों, ग्रामों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण, जल-वन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा मतदाता जागरूकता जैसे विषयों पर संगोष्ठी एवं व्याख्यान के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि देश के लगभग 600 जनपदों की यात्रा के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में पदयात्रा पूर्ण की जा चुकी है। दल के प्रमुख श्री जितेन्द्र प्रताप ने अपने प्रेरक अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस विश्वशांति पदयात्रा की शुरुआत 30 जुलाई 1980 को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद से हुई थी। एक भयावह बाढ़ के दौरान उनके साथी श्री अवध बिहारी लाल कई घंटों तक बरगद के वृक्ष से लटके रहकर जीवन और मृत्यु से जूझते रहे, जिन्हें बाद में सेना एवं रेस्क्यू टीम ने बचाया। उसी घटना के बाद उन्होंने पर्यावरण, जल, वन संरक्षण एवं जन जागरूकता को जीवन का लक्ष्य बनाकर यह ऐतिहासिक यात्रा प्रारंभ की। इस अभियान के दौरान उनके एक साथी की शहादत भी हो चुकी है।

# एक्टोपिक प्रेग्नेंसी से ग्रसित गर्भवती महिला की बचाई गई जान

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन तथा जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कुशल नेतृत्व में जिला चिकित्सालय जशपुर में आम नागरिकों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ निरंतर प्रदान की जा रही हैं।




इसी क्रम में विगत माह दिसंबर 2025 के अंत में जिला चिकित्सालय जशपुर में एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जैसी अत्यंत जटिल स्थिति से ग्रसित गर्भवती महिला की सफल सर्जरी कर उसकी जान बचाई गई, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। वरिष्ठ प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.एम ममता साय द्वारा अस्थानिक गर्भावस्था अर्थात एक्टोपिक प्रेग्नेंसी से पीड़ति महिला का सफल ऑपरेशन किया गया। इस दौरान गर्भाशय के बाहर विकसित हो रहे अविकसित एवं मृत भ्रूण को सुरक्षित रूप से निकालकर मां की जान बचाई गई। डॉ. साय ने बताया कि जब निषेचित अंडा गर्भाशय में स्थापित होने के बजाय फैलोपियन ट्यूब, अंडाशय, पेट या सर्विक्स में कहीं और विकसित होने लगता है तो उसे एक्टोपिक प्रेग्नेंसी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि लगभग 95 प्रतिशत मामलों में यह स्थिति फैलोपियन ट्यूब में पाई जाती है। डॉ. ममता साय ने बताया कि इस बीमारी का मुख्य कारण फैलोपियन ट्यूब में रुकावट या सूजन होना होता है, जिसके चलते अंडा गर्भाशय तक नहीं पहुंच पाता। इस अवस्था के प्रमुख लक्षणों में पेल्विक क्षेत्र में भारीपन व खिंचाव, पेशाब या मल त्यागने में परेशानी, पेट के एक ओर तीव्र दर्द, योनि से असामान्य रक्तस्राव, चक्कर आना तथा कंधे में दर्द शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक्टोपिक प्रेग्नेंसी एक जानलेवा स्थिति है, जिसमें गर्भावस्था को जारी रखना संभव नहीं होता और त्वरित उपचार न मिलने पर महिला की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। इस सफल सर्जरी में डॉ.एम ममता साय के साथ गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. कलावती पटेल, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ.आकाश कुजूर एवं उनकी पूरी चिकित्सकीय टीम के साथ-साथ अस्पताल सलाहकार राजेश कुरील की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला चिकित्सालय जशपुर की इस उपलब्धि से स्पष्ट होता है कि जिले में अब गंभीर से गंभीर प्रसूति संबंधी जटिलताओं का उपचार स्थानीय स्तर पर संभव हो पा रहा है, जिससे गर्भवती महिलाओं को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

■ जिला चिकित्सालय में मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

# आयल पाम पौधरोपण की खेती के लिए दिया जाएगा अतिरिक्त अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में 74 हे.का आयल पाम पौध रोपण एवं ऑयल पाम पौध रोपण की खेती के लिए अतिरिक्त अनुदान खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने तथा कृषकों की आय में दीर्घकालीन वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल योजना अंतर्गत ऑयल पॉम पौध रोपण को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

योजना के तहत ऑयल पॉम रोपण करने वाले कृषकों को केन्द्र सरकार द्वारा देय अनुदान के अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा विभिन्न घटकों में अतिरिक्त (टॉप अप) अनुदान प्रदान किया जा रहा है। ऑयल पॉम एक दीर्घकालीन, कम श्रम एवं अधिक उत्पादकता वाली फसल है, जिसमें रोग प्रकोप की संभावना न्यूनतम रहती है। तथा अन्य फसलों की तुलना में इसकी देखरेख अपेक्षाकृत आसान होती है। एक बार रोपण करने के पश्चात चौथे वर्ष से इसका उत्पादन प्रारम्भ होकर 25 से 30 वर्षों तक निरंतर उत्पादन प्राप्त होता है। यह फसल



पारंपरिक तिलहन फसलों की तुलना में प्रति हे. 4 से 6 गुना अधिक तेल उत्पादन क्षमता रखती है। जिससे कृषकों को स्थायी आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। आयल पाम की प्रारंभिक लागत अधिक एवं 03 से 04 वर्ष की गेस्टेशन अवधि को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा केन्द्र सरकार के न्यूनतम 1.30 लाख रू प्रति हे. अनुदान के अतिरिक्त टॉप अप अनुदान का प्रावधान किया गया है, जिससे कृषकों को ऑयल पॉम रोपण हेतु प्रोत्साहन मिल सके। सहायक संचालक उद्यान द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जशपुर जिले में कुल 74.00 हे.का ऑयल पॉम पौध रोपण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### ऑयल पॉम रोपण करने वाले कृषकों को अतिरिक्त अनुदान

राज्य शासन द्वारा ऑयल पॉम रखरखाव में पूर्व में दिये जा रहे 5250 रुपए प्रति है. के अनुदान में 1500 रुपए की वृद्धि करते हुये कुल 6750 रुपए का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार अंतरवर्तीय फसलों हेतु अतिरिक्त वृद्धि के साथ कुल 10250 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। ड्रिप सिंचाई अपनाने वाले कृषकों को 8835 रुपये की अतिरिक्त सहित कुल 22765 रुपए का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा पौधों एवं अंतरवर्तीय फसलों को जानवरों से सुरक्षा प्रदान करने हेतु फेसिंग के लिये 54485 रुपए प्रति हे. का अनुदान दिया जा रहा है। इस प्रकार राज्य शासन द्वारा रखरखाव, अंतरवर्ती फसल, फेसिंग एवं ड्रिप मद में कुल 69620 रुपए तक का अतिरिक्त टॉप-अप अनुदान केवल ऑयल पॉम रोपण करने वाले कृषकों को प्रदान किया जा रहा है। योजना संबंधित अधिक जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन एवं योजना का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के लिये कृषक भाई-बहन उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों एवं अधिकृत प्रतिनिधि कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

